अनुनाद

द्वितीय अंक, वर्ष- 2020

परमाणु ऊर्जा विभाग

सामान्य सेवा संगठन कल्पाक्कम

अनुनाद

त्रिभाषी वार्षिक गृह पत्रिका

द्वितीय अंक, वर्ष- 2020

पहला प्रकाशन: 2019

संरक्षक

डॉ. ए.के. भादुड़ी,
निदेशक, सासेसं एवं इंगांपअकें

संपादक मंडल

श्रीमती विनयलता ए.	श्री पल्ल ब चौधुरी
मुख्यत प्रशासन अधिकारी	वैज्ञानिक अधिकारी/एफ एवं मुख्य संपादक
श्रीमती वनजा नागराजू, वैज्ञानिक अधिकारी/जी	श्री वी.के. जानकीरामण, वरिष्ठदलेखा अधिकारी
डॉ. पी. विनीता, वैज्ञानिक अधिकारी/जी (चि.)	श्रीमती सरिता सुहेल खान, सहायक कार्मिक अधिकारी
श्री सी. बार्थसारथी, प्रशासन अधिकारी-III	श्रीमती सीना संगमप्रसाद, सहायक कार्मिक अधिकारी
श्री के.वी. माधवदास	श्री आर. वेंकटचलपति, फोरमैन/सी
प्रशासन अधिकारी- III (संपदा)	श्री प्रफुल्ल सात्र वरिष्ठक अनुवादअधिकारी

सम्पर्क सूत्र:

दूरभाष: 044-27481324

फैक्स: 044-27481224

ई-मेल: caogso@igcar.gov.in

नोट: प्रकाशित सामग्री में व्यक्त विचार, फोटो आदि लेखकों, रचनाकारों के अपने हैं। यह आवश्यक नहीं कि उनसे संपादक मंडल की सहमति हो। किसी प्रकार का कानूनी विवाद होने पर न्यायाधिकार क्षेत्र जिला-कांचीपुरम, तमिलनाडु राज्य होगा । यह गृह पत्रिका केवल नि:शुल्क निजी वितरण के लिए है ।

सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम 603 102

अक्षर विन्यास, अलंकरण और मुख पृष्ठ डिजाइन:

मुख्य संपादक

मुख पृष्ठ:
जी.एस.ओ द्वारा प्रदत्त सुविधाएं

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सासेसं के सदस्य

डॉ. ए.के. भादुड़ी	श्रीमती विनयलता एस.
निदेशक, सासेसं/ इंगांपअकें (अध्यक्ष)	मुख्यत प्रशासन अधिकारी(सह अध्यसक्षा)
श्रीमती सरिता सुहेल खान	श्री पल्लिब चौधुरी
सहायक कार्मिक अधिकारी (सदस्य-सचिव)	प्रधान, सी एंड एमएस, केटीएस (सिविल)
श्रीमती वनजा नागराजू	डॉ. कार्तिक राजेन्द्रन, वै.अ./ई (चि)
प्रधान, आरएम एंड यूडी.	श्री वी.के. जानकीरामण, वरिष्ठएलेखा अधिकारी
डॉ. आर. माडासामी, वै.अ. / जी (चि)	श्री सी. बार्थसारथी, प्रशासन अधिकारी-III
श्री के.वी. माधव दास	श्री प्रफुल्ल. साव
प्रशासन अधिकारी (संपदा)	वरिष्ठी अनुवाद अधिकारी

सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम 603 102

अनुनाद

अनुक्रमणिका

क्र.	विषय सूची	रचनाकार: डॉ./श्री/श्रीमती/कु.	पृष्ठ संख्या
	हिंदी		
1	संदेश / Message		v-viii
2	संपादकीय / Editorial		ix
3	सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम की वार्षिक रिपोर्ट 2019-20		1-2
4	निर्माण उद्योग में संरक्षा:आलोचनात्मक मूल्यांकन	पल्लब चौधुरी	3-6
5	सिविल निर्माण में प्रभावशाली समय प्रबंधन हेतु छः हैक्स	बी .सगायराज	7-9
6	कोरोना वायरस रोग (कोविड 19) एवं कोविड के पश्चात सावधनियां	पी .विनीता	10-15
7	कोविड 19-महामारी के समय में योग अभ्यास का महत्व	के.वि.भाग्यलक्ष्मी	16-18
8	वसुधैव कुटुंबकम	प्रफुल्ल साव	19-21
9	राजभाषा संबंधी गतिविधियां	प्रफुल्ल साव	22-23
10	मेघालय	पल्लब चौधुरी	24
11	माँ	विनयलता एस.	25
	तमिल		
12	பொதுச் சேவைகள் நிறுவனத்தின் செயல்பாடுகள் 2019-2020 ஆண்டிற்கான அறிக்கை.	-	27-29
13	கட்டுமானத் தொழிலில் பாதுகாப்பு: ஒரு சிக்கலான மதிப்பீடு	திரு.பல்லப் சௌத்ரி*	30-33
14	சிவில் கட்டுமானத்தில் திறமையான நேர மேலாண்மைக்கான ஆறு வரையறைகள்	திரு. பி.சகாயராஜ்	34-36
15	சுழற்சி உயிரியல் தொடர்பு: ஒரு மேம்பட்ட கழிவுநீர் சுத்திகரிப்பு தொழில்நுட்பம்	ஆர்.ராதாகிருஷ்ணன்	37- 39
16	விவசாயி	G.வேலாயுதம்	40
	अंग्रेजी		
17	Annual Report on Activities of General Services Organization Kalpakkam: 2019-2020		41-42
18	Safety in Construction Industry: A Critical Appraisal	Pallab Chaudhury	43-45
19	Six Hacks for Efficient Time-Management in Civil Construction.	B. Sagayaraj	46-48
20	Rotating Biological Contactor: An Advanced Sewage Treatment Option	R. Radhakrishnan	49-51

21	Rain Water Harvesting Structures and their Utilization: With Reference to Anupuram Township	S. Sathish Kumar	52-55
22	Towards a Greener Anupuram Township	C. Velvizhi	56-58
23	Corona Virus Disease (COVID-19) and Post COVID Precautions	Dr. P.Vineetha	59-63
24	Benefits of Yoga during COVID-19 Pandemic	K.V.Bhagyalakshmi	64-66
25	Mother: An Epitome of Love	Vinayalatha S.	67
	फोटोग्राफ		
26	गणतंत्रता दिवस, 2020 के कुछ फोटोग्राफ	-	68
27	स्वतंत्रता दिवस, 2020 के कुछ फोटोग्राफ	-	69
28	हिंदी पखवाड़ा समारोह 2020 के कुछ फोटोग्राफ	-	73
	तालिका		
29	हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं की सूची	-	74
30	नवनियुक्त/ स्थानांतरण पर आए कार्मिकों की सूची, 2020	-	76
31	सेवानिवृति / स्थानांतरण / पद-त्याग		77
32	श्रद्धांजलि	-	78

पश्च जल, सद्रास ।

के. एन. व्यास
K. N. Vyas

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम अपनी वार्षिक गृह-पत्रिका 'अनुनाद' का द्वितीय अंक ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहा है।

कल्पाक्कम स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी इकाईयों के लिए सामान्य सेवा संगठन मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मुझे यह जानकार प्रसन्नता हुई है कि कोविड-19 महामारी से बचाव कार्य में भी संगठन के सभी कार्मिकों ने सराहनीय कार्य किया है।

संगठन के कार्मिकों के बीच राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार करने की दिशा में गृह-पत्रिका का प्रकाशन प्रसंशनीय कार्य है। मैं, कामना करता हूँ कि संगठन की पत्रिका नियमित रूप से प्रकाशित हो और अपने कार्मिकों की रचनात्मकता के प्रदर्शन हेतु एक मंच उपलब्ध कराती रहे।

मैं, पत्रिका के सभी रचनाकार और संपादक मंडल को शुभकामनाएं देता हूँ।

(के.एन. व्यास)

अणुशक्तिभवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001, भारत ▪ Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone:+(91) (22) 2202 2543 ▪ फैक्स/Fax: +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई-मेल/E-mail: chairman@dae.gov.in

संजय कुमार
SANJAY KUMAR
संयुक्त सचिव (प्रशासन एवं सेवा)
JOINT SECRETARY (A&A)

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
अणुशक्ति भवन,
छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग,
मुंबई - 400 001.

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY
ANUSHAKTI BHAVAN,
CHHATRAPATI SHIVAJI MAHARAJ MARG,
MUMBAI - 400 001.

संदेश

यह हर्ष का विषय है कि सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम अपनी गृह-पत्रिका 'अनुनाद' के द्वितीय अंक का प्रकाशन ई-पत्रिका के रूप में कर रहा है।

सामान्य सेवा संगठन, परमाणु ऊर्जा विभाग का एक सेवा संगठन होने के कारण कल्पाक्कम की सभी इकाईयों के लिए आधारभूत सेवाएं प्रदान करने के अपने दायित्व को अनवरत निभा रहा है। यह सराहनीय है कि संगठन अपनी अन्य जिम्मेदारियों के साथ-साथ संघ की राजभाषा नीति का अनुपालन भी तत्परता से कर रहा है । मुझे विश्वास है कि पत्रिका के प्रकाशन से कर्मचारियों को अपनी अभिव्यक्ति के लिए एक मंच मिलेगा और हिंदी में काम करने के लिए एक सकारात्मक वातावरण तैयार होगा ।

मैं, पत्रिका के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और प्रकाशन से जुड़े सभी कार्मिकों को शुभकामनाएं देता हूँ।

संजय कुमार
(संजय कुमार)

टेलीफोन / Telephone : 022-2284 0309 ▪ फैक्स / Fax : 022-2283 8640 / 2204 8476 ▪ ई-मेल / E-mail : jsaa@dae.gov.in

डॉ. अरुण कुमार भादुड़ी
प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं निदेशक
Dr. Arun Kumar Bhaduri
Distinguished Scientist & DIRECTOR

भारत सरकार
Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग
Department of Atomic Energy
सामान्य सेवा संगठन
General Services Organisation

संदेश

यह बहुत ही खुशी की बात है कि सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम अपनी वार्षिक हिंदी गृह पत्रिका "**अनुनाद**" के दूसरे अंक का प्रकाशन ई-पत्रिका के रूप कर रहा है। इस पत्रिका में हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी और तमिल की रचनाएं भी प्रकाशित की जा रही हैं। इससे राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार तो होगा ही, अंग्रेजी और तमिल की रचनाओं को भी उचित स्थान प्राप्त होगा।

हमने वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी से जूझते हुए संगठन की क्रिया-कलापों को यथासंभव जारी रखा। साथ ही, हिंदी के प्रचार-प्रसार और इससे संबंधित अन्य गतिविधियों को कार्यान्वित करने की दिशा में भी प्रयास किया गया। हिंदी अपनी विशेषताओं की वजह से ही न केवल भारत में बल्कि विश्व में लगातार लोकप्रिय हो रही है। इसमें दूसरी भाषाओं से शब्द ग्रहण करने की असीम क्षमता है। मुझे विश्वास है कि पत्रिका के प्रकाशन से सामान्य सेवा संगठन के कार्मिकों में लेखन-कौशल को बढ़ावा मिलेगा और उनके विचारों की अभिव्यक्ति की माध्यम बनेगी।

मैं वार्षिक गृह-पत्रिका "अनुनाद" के द्वितीय अंक की सफलता की कामना करता हूँ तथा संगठन की राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संपादक मंडल और पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी अन्य कार्मिकों को हार्दिक बधाई देता हूँ।

अरुण कुमार भादुड़ी
डॉ. अरुण कुमार भादुड़ी

कल्पाक्कम - 603102, कांचीपुरम जिला, तमिलनाडु, दूरभाष - 044 27488432, फैक्स - 044 27481224
Kalpakkam - 603 102, Kancheepuram District, TamilNadu, Phone - 044 27488432, Fax - 044 27481224

विनयलता.एस
मुख्य प्रशासन अधिकारी

संदेश

हमारे लिए यह परम आनंद की बात है कि हमारे संगठन से हिंदी गृह पत्रिका "अनुनाद" के द्वितीय अंक का प्रकाशन किया जा रहा है। इस अंक को हम ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशित कर रहे हैं।

संगठन के 'ग' क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद हम यह लगातार प्रयास कर रहे हैं कि राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन पूर्णरूपेन हो सके और हमारे लिए निर्धारित लक्ष्य को यथाशीघ्र प्राप्त किया जा सके। हम हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत हिंदी भाषा प्रशिक्षण के दोनों सत्रों में कार्मिकों को हिंदी भाषा में प्रशिक्षित कर रहे हैं। साथ ही, हिंदी आशुलिपि और हिंदी टंकण का भी प्रशिक्षण नियमित रूप से दिलाया जा रहा है। मैं आशा करती हूँ कि हम बहूत जल्द ही राजभाषा नीतियों का पूर्णत: पालन करने में सफल होंगे।

इस पत्रिका में हिंदी, अंग्रेजी और तमिल की रचनाओं को समान रूप से महत्व दिया गया है और कुछ महत्वपूर्ण लेखों को तीनों भाषाओं में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। इसमें संगठन की सामान्य गतिविधियों और राजभाषा संबंधी गतिविधियों का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही, कार्मिकों की लेखन क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

गृह पत्रिका के प्रकाशन में संगठन के अनेक कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मैं उन सभी कार्मिकों को शुक्रिया अदा करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ और पत्रिका के अनवरत प्रकाशन की कामना करती हूँ।

विनयलता.एस

(विनयलता.एस)

संपादकीय

साल 2020 का जनवरी महीना । 'अनुनाद' पत्रिका के प्रथम अंक का प्रकाशन हो चुका है। पत्रिका के बारे में कुछ पाठकों की प्रतिक्रियाएं सुनने में आ रही थी। जहां एक पत्रिका के शैशव-काल की बात है- वहां यह तो होना ही था। किन्तु कौन जानता था– इस पत्रिका को भी जीवन के पहले कदम पर एक कठिन परीक्षा का सामना करना पड़ेगा । अचानक खबर मिली कि सात-समंदर पार से एक सुनामि की लहर आ रही है– मनुष्य के ऊपर। खास बात है– यह लहर तो पानी का नहीं बल्कि कोविड़-19 का लहर है जो मानव अस्तित्व को खत्म कर सकता है। वह कैसे ? कोविड़-19 का मतलब 'कोविड़ वायरस डिजिज 2019' जिस बीमारी का ईलाज न तो किसी के पास है न ही कोई वैक्सीन। इस बीमारी का उत्पति स्थल चीन के वुहान अंचल माना जा रहा है। चमगादड़ या चमगादड़ जैसे प्राणी के देह से विवर्तन होकर आया, हवा में फैलनेवाला एक संक्रामक बीमारी का वायरस। तो क्या इससे बचने का कोई रास्ता नहीं है ? रास्ता है एक ही– वह है निवारक नियंत्रण– भले ही कुछ दवाईयां हैं जिसको बीमार-व्यक्ति के लक्षण को देखकर दिया जाता है। सचमुच आधुनिक विज्ञान के सामने खड़ी है एक बड़ी चुनौती। जो विज्ञान अन्य ग्रह के अभियान में लगे हुए हैं, क्या आज वह इस वायरस को रोकने में कामयाब होगा ? निवारक नियंत्रण के रूप से अति कम समय के अंदर पूरा विश्व एक-एक करके लॉकडाउन में चला गया। जन-जीवन में लग गया एक अजीब सी पाबंदी । बंद हो गया विमान, ट्रेन और ऑटो-मोबाइल सेवाएं। ऑफिस – अदालत में रुक गया पत्र, दस्तावेज का आना-जाना । दूसरी तरफ फोन और इलेक्ट्रनिक माध्यम मुख्य रूप से आने लगे। कर्मियों के लिए आदर्श आचरण विधि लागू हुए। सचमुच आवश्यक हो गया– मास्क, सैनिटाइजर आदि उपकरण और सामाजिक दूरी का पालन करना । फिर भी साल के अंत में सिर्फ टाउनशिप में पांच सौ से ज्यादा लोग संक्रमित हुए और 17 लोगों की हुई मौत। बाकी लोग इलाज के बाद घर लौटे।

लॉकडाउन के कुछ महीने गुजर गए। अगस्त महीना (2020) में लॉकडाउन के विधि-नियमों में कुछ छूट मिलते ही प्रकाशन-सामग्री जमा करने के लिए सूचना दी गई किन्तु प्रकाशन सामग्री दफ्तर में जमा हुए वर्द्धित समय सीमा में और प्रकाशन समय-सीमा के करीबन अंत में। पत्रिका के द्वितीय अंक के प्रकाशन की जब सभी प्रस्तुति की समाप्ति हुई और देश में कोविड़ वैक्सीन का प्रयोग होना शुरु हुआ तब फिर से मिला कोरोना का दूसरा अलर्ट। अब क्या करें ? कोविड़-मुक्त परिवेश न होने के कारण पहले ही निर्णय लिया गया था कि 'अनुनाद' की यह अंक ई-पत्रिका होगी और वही हुआ।

शिल्प-साहित्य जीवन का एक प्रतीक है। 'अनुनाद' का द्वितीय अंक जो कठिन समय पार करके प्रकाशित हुआ, इसका साक्षी है स्वयं ई-पत्रिका। इस बार 'अनुनाद' के पहले भाग में है संगठन की वार्षिक रिपोर्ट। शामिल है निर्माण प्रयुक्ति के क्षेत्र में सुरक्षा और निर्माण समय पर लेख जिसमें विशेषता के साथ व्यक्त हुआ - सुरक्षा और निर्माण-समय संगठन और समाज के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आज के जमाने में अपशिष्ट जल को कैसे परिशुद्ध किया जाता है, इसकी एक रूपरेखा देता है अणुपुरम के आरबीसी की स्थापना। जानकारी मिलती है कि कैसे अपशिष्ट जल को विशुद्ध करके पुन: व्यवहार में लाया जा सकता है या वर्षा-जल का प्रबंधन सुरक्षित रूप से कैसे किया जाता है। कोविड़-19 पर लेख बताता है कि कैसे परिचालित हुए डीएई टाउनशिप और कैसे बीता अतिमारी (महामारी) के एक साल।

पाठकों की जानकारी के लिए कुछ लेखों के भाषांतर भी पत्रिका में शामिल हैं जिसके कारण पत्रिका के आकार में भी वृद्धि हुई है। 'अनुनाद' के इस अंक के पाठकों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने में कामयाब होने से हमारा यह प्रयास सफल होता है।

पल्लव चौधुरी

मुख्य संपादक

सामान्य सेवा संगठन, कल्पाक्कम की वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

सामान्य सेवा संगठन (सा ओ),

कल्पाक्कम, कल्पाक्कम स्थित पऊवि की विभिन्न इकाईयों के कार्मिकों को आवश्यक सेवाएं मुहैया कराता है और पास-पड़ोस के साथ भी सक्रिय इंटरफेस के रूप में कार्य करता है। कल्पाक्कम टाउनशिप में लगभग 4700 परिवार एवं अणुपुरम टाउनशिप में 2600 परिवार रहते हैं। दोनों टाउनशिप 10 कि.मी. की दूरी पर अलग-अलग हैं और नगर से काफी दूर अवस्थित हैं।

जीएसओ चिकित्सा, परिवहन, सिविल एवं विद्युत अनुरक्षण सेवाएं मुहैया कराने के प्रारंभिक अध्यादेश से शुरू किया गया था। तथापि, आज यह स्वतंत्र रूप से अभियांत्रिकी स्थापना के रूप में विकसित हुआ है जो विभिन्न अभियांत्रिकी गतिविधियों यथा; वास्तु-शिल्पीय डिजाइन, संरचनात्मक डिजाइन, विद्युत प्रणाली डिजाइन, कंप्यूटरीकरण, बहुमंजिले भवनों के निर्माण सहित सिविल निर्माण का ध्यान रखता है। इकाई में अभियांत्रिकी सेवा समूह और चिकित्सा समूह, दो समूह हैं। अभियांत्रिकी सेवा समूह में सिविल अभियांत्रिकी प्रभाग, विद्युत सेवा प्रभाग और संसाधन प्रबंधन एवं उपयोगिता प्रभाग शामिल हैं जो दोनों टाउनशिपों में विकास, संवर्धन और सिविल, विद्युत, यांत्रिक, दूरसंचार एवं आईटी आधारिक संरचना के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी हैं । समूह आवश्यक सेवाएं यथा; आवास, जल आपूर्ति, मल-जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आदि प्रावधान सुनिश्चित करता है। इसकी अन्य बडी गतिविधियों/कार्यों में सड़कों का अनुरक्षण, इलेक्ट्रॉनिक टेलीफोन एक्सचेंज, औद्योगिक संरक्षा, अग्नि संरक्षा, वातानुकूलन, परिवहन, ऑटोशॉप की गतिविधियों का प्रचालन एवं अनुरक्षण और बागवानी शामिल हैं।

चिकित्सा समूह लगभग 30,000 लाभार्थियों की स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कल्पाक्कम स्थित 100 शय्या वाले अस्पताल बहिरंग रोगियों एवं अंतरंग रोगियों को विशेषज्ञ की सेवा प्रदान करता है और इसमें आईएसओ प्रमाणित प्रयोगशाला एवं रेडियोलॉजी सेवाएं भी हैं । अणुपुरम अस्पताल का प्रथम चरण स्थापित किया गया। अणुपुरम में चौबीस घंटे ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर (डीएमओ) के साथ-साथ नेत्र विज्ञान, हड्डी रोग, दंत चिकित्सा, फिजियोथेरेपी, लैब सेवाएं और एक बाह्यस्रोत दवाखाना के विभागों के साथ सुसज्जित कैजुअल्टी दैनिक आधार पर उपलब्ध हैं। मार्च 2020 के दौरान कल्पाक्क्म एवं अणुपुरम के दोनों अस्पतालों में, मामलों की प्रथमिकता के निर्धारण के लिए कोविड-19 महामारी बुखार क्लिनिक खोले गए। मरीजों के परीक्षण और उपचार के साथ-साथ प्राथमिक संपर्क के संगरोध के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

तकनीकी क्षमताओं में वृद्धि के प्रयास के साथ, सेवा की भावना भी जारी रही और सेवाओं में वृद्धि और निवासियों की संतुष्टि में वृद्धि के लिए कई कदम उठाए गए। सासेसं की सभी क्रिया-क्लापों के निष्पादन में लेखा और प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाता है, जो

कार्मिक प्रबंधन, संपदा प्रबंधन और भर्ती के कार्य करते हैं।

2020-2021 के दौरान उपलब्धियां

इस वर्ष निष्पादित कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल हैं-

शॉपिंग कॉम्पलेक्स और पार्किंग क्षेत्र को शामिल करते हुए एक सामान्य चबूतरे पर प्रत्येक में 12 तलों के दो 5ई टॉवरों का समावेश करते हुए 5ई टॉवर ब्लॉक का संस्थानिक वास्तुशिल्पीय डिजाइन।

- टाइप IVD आवासों के 55 नग तथा टाइप VE आवासों के 45 नग के एक टॉवर ब्लॉक (भूतल + 12 तल) और टाइप IIIC आवासों के 120 नग के एक टॉवर ब्लॉक (भूतल + 15 तल) का निर्माण।
- अणुपुरम टाउनशिप में साठ कमरों और छः वीआईपी शूट्स के अतिथि गृह का निर्माण।
- कल्पाक्कम टाउनशिप में किंडरगार्टेन स्कूल का निर्माण।
- कल्पाक्कम टाउनशिप में बहुद्देशीय हॉल के लिए डाइनिंग हॉल और रसोईघर का विस्तार।
- स्वास्थ्य भौतिकी प्रयोगशाला, यंत्रीकरण, जैव-आमापन सुविधा आदि को समायोजित करने के लिए पर्यावरण सर्वेक्षण प्रयोगशाला का विस्तार।
- कें.वि.-2 और प.ऊ.कें.वि-2 विद्यालयों के लिए मुख्य फायर हायड्रांट का कमीशनिंग।
- कल्पाक्कम टाउनशिप में सौ से अधिक औषधीय जड़ी-बूटी और पौधों के साथ औषधीय बगीचा और आठ पद-मार्ग विकसित किए गए ।
- सुरक्षा पार्थक्य बाड़ के अंतिम चरण का निर्माण। बाड़ के निर्माण की वजह से, कोविड लॉकडाउन की अवधि के दौरान अड़ोस-पड़ोस से संपूर्ण पार्थक्य संभव हो पाया। इससे महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने में मदद मिली और टाउनशिप के अंदर कोविड पॉजिटिव की संख्या में भारी कमी हुई।
- नवीनीकरण कार्य : पुराने आधारिक संरचनाओं को मजबूती प्रदान करने और उनके जीवन में वृद्धि करने के लिए समय-समय पर नवीनीकृत किए गए। इस वर्ष 0.6 एमजीडी मल-जल उपचार संयंत्र के नवीनीकरण का कार्य पूरा किया गया। नवीनतम डीएई मानकों के अनुरूप आवासीय भवनों का नवीनीकरण किया गया। पऊवि अस्पताल के पैथोलॉजी लैब, फार्मेसी और अन्य क्षेत्रों का भी नवीनीकरण कार्य पूरा किया गया।
- प्रशासनिक अभिलेखों, ई-गजट का कार्यान्वयन, सीएचएसएस लाभार्थियों के लिए स्मार्ट कार्ड जारी किए जाने और अतिथि गृहों में ऑनलाईन आरक्षण प्रणाली का डिजिटाइजेशन।
- इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र के साथ राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी में तकनीकी सेमिनार "ऊर्जा के क्षेत्र में भारतीय विज्ञान एवं तकनीकी प्रगति" का आयोजन।
- 10 जनवरी, 2020 को विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर त्रिभाषी पत्रिका *अनुनाद* के प्रथम अंक का विमोचन।

कोविड-19 महामारी का प्रबंधन

कोविड-19 महामारी लॉकडाउन के दौरान अभियांत्रिकी सेवा समूह और चिकित्सा समूह ने निवासियों को आवश्यक सेवाएं मुहैया कराने के लिए पूरी शक्ति से कार्य किया। दोनों ही टाउनशिपों में सख्त सुरक्षा उपायों, स्वच्छता, कंटेनमेंट ज़ोन की बैरिकेटिंग, आवश्यक वस्तुओं का प्रावधान सुनिश्चित किया गया। दो टाउनशिपों में दो फीवर

(पृष्ठ 6 देखें)

निर्माण उद्योग में संरक्षा : आलोचनात्मक मूल्यांकन

पल्लब चौधुरी*

मानव सभ्यता के अपने आंतरिक क्षेत्र में उत्पादन, वितरण और उपभोग शामिल हैं। यदि इन गतिविधियों को लोगों के लिए और लोगों द्वारा देखा जाए तो सुरक्षा का बहुत महत्व है। किंतु, जब हम दैनिक समाचार देखते हैं तो हम शायद ही दुर्घटनारहित दिन देखते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट बताती है कि निर्माण स्थलों पर औसतन हर घंटे लगभग 250 दुर्घटनाएं होती हैं। यह परिदृश्य है जब विज्ञान और प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण उंचाई तक पहुंच चुकी हैं, अतः इससे संबंधित कारकों पर विचार करते हुए इस समस्या का विश्लेषण किए जाने की आवश्यकता है।

सुरक्षा और दुर्घटना

संक्षेप में, सुरक्षा का मतलब एक व्यक्ति और उसके जीवन की प्रभावकारिता को सुरक्षित करते हुए उत्पादन करना है। वास्तव में, कोई भी गतिविधि जो अनियोजित हो, वह अनियंत्रित घटनाओं अथवा मानवीय भूल के लिए व्यक्ति की ओर से असुरक्षित स्थिति या कार्य करने के लिए बाध्य होती है। इसके परिणाम दुर्घटना, व्यक्ति की जान और संसाधनों की हानि अथवा दोनों हो सकते हैं। दूसरी ओर, दुर्घटना अनियोजित एवं अनियंत्रित घटना है जिसमें किसी वस्तु की क्रिया एवं प्रतिक्रिया व्यक्ति से जुड जाता है और विकिरण उत्सर्जन होता है और जिसके परिणामस्वरूप व्यक्तिगत चोट या इसकी संभावना होती है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

सुरक्षा संस्कृति का इतिहास उतना ही पुराना है जितना कि मानव सभ्यता। प्राचीन काल से, अपने अस्तित्व के लिए प्राणियों को प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों से लड़ना पड़ा। असमतल जमीन पर जंगल में शिकार करना, बाढ़, तूफान, आग के खतरों इत्यादि सामान्य जोखिम उनके जीवन में होते थे। सुरक्षा की अवधारणा मुख्य रूप से केवल उनके प्रतिवर्ती कार्यों के रूप में थी। सुरक्षा की अवधारणा लगभग बीस हजार साल पहले संभवतः पाषाण युग के दौरान अथवा उससे पहले आई थी और वह समय था जब आदिम मानव किसी घटना के कारण-कार्य संबंध स्थापित करते थे। कृषि की खोज के पश्चात् यह अवधारणा तेजी से विकसित हुई है। मानव को सोचने और सुरक्षा समस्या का हल खोजने के लिए और समय मिल सका। जैसे-जैसे समाज विकसित हुआ, विभिन्न अन्य कारक क्रिया-शील हुए। वर्ग के झूठे विस्वासों और अंधविस्वासों से विभाजित समाज, समाज के विकास के मार्ग में मुख्य बाधाएं थीं। तथापि, यह तथ्य है कि अठारहवीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति के पश्चात् लोगों ने कार्य-स्थलों पर अधिक संख्या दुर्घटनाओं के कारण कार्यस्थल पर सुरक्षा की आवश्यकता को गंभीरता से महसूस किया। आज की वैज्ञानिक पद्धति से पता चलता है कि दुर्घटनाएं मानवीय भूलों के कारण होती हैं, जो किसी व्यक्ति के संबंध में परिस्थिति के दो सेटों के

---

* *श्री चौधुरी* सी. एंड एम. एस., केटीएस (सिविल) में वैज्ञानिक अधिकारी हैं ।

बीच परस्पर क्रिया से उत्पन्न होती हैं। आइए, इस तथ्य की व्याख्या करते हैं-

दुर्घटना का कारण

चूंकि दुर्घटना आंतरिक एवं बाह्य कारकों के बीच परस्पर क्रिया के परिणामस्वरूप होती है, अत: दुर्घटना का विश्लेषण करने के लिए परिस्थितियों के इन सेटों को समझना चाहिए। परिस्थिति के आंतरिक सेट में व्यक्ति के पारिवारिक कारक (या भौतिक कारक), उसके मानसिक मेक-अप शामिल हैं, उसके मानसिक मेक-अप में आदत, दृष्टिकोण, तात्कालिक या भविष्य की आवश्यकताएं शामिल हैं। परिस्थिति के बाह्य सेट में आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी, जनसांख्यिकीय, सामाजिक और पर्यावरणीय कारक शामिल हैं। अत: किसी व्यक्ति का कोई भी असुरक्षित कार्य सभी कारकों की परिणति/पराकाष्ठा है और यह निश्चित रूप से एक निश्चित एवं तार्किक अनुक्रम का अनुसरण करता है और एक दूसरे पर निर्भर है। इसलिए संरक्षा की कला श्रृंखला या घटनाओं की श्रृंखला को बाधित करने (जिससे दुर्घटना होती है) को समाप्त करने या बाकी से विशेष घटना (यानि, पूर्वकारक) को हटाने पर निर्भर करती है, यानि ट्रक अथवा उत्खनक की बैक सायरन के प्रयोग अथवा सिगनल-मैन अथवा इस उद्देश्य के लिए उसके साथी से साइट क्लियरेंस मिलने के बाद वाहन को घुमाने से टर्निंग ऑपरेशन के दौरान सड़क पार कर रहे साथी कर्मचारी को टक्कर मारने से बचा जा सकता है।

दुर्घटना से बचाव

दुर्घटना की रोकथाम आंतरिक और बाह्य दोनों कारकों को सीमित करती है और संरक्षा संस्कृति का प्रतिमान अनिवार्य रूप से मानव समाज के विकास के मार्ग में दो कारकों का सामंजस्यपूर्ण संयोजन है। सुरक्षा को प्रभावित करने वाले आंतरिक कारक प्रशासनिक नियंत्रण के चक्रव्यूह से काफी हद तक सीमित किए जा सकते हैं, जैसे, कार्यक्षेत्र में प्रवेश से पहले सुरक्षा नियमों को पालन करने के लिए प्रारंभिक चयन के बाद श्रम का प्रशिक्षण दिया जाना। इसी तरह, कार्य क्षेत्र के भौतिक वातावरण जैसी कुछ बाह्य स्थितियों को उचित सुरक्षा प्रशासन द्वारा नियंत्रित किया जा सकता है, जैसे, वायु में ऑक्सीजन की सांद्रता को कार्य क्षेत्रों में उचित संवातन (वेंटिलेशन) व्यवस्था लागू करके एक सुरक्षित स्तर पर लाया जा सकता है। हालांकि, यदि अन्य बाह्य स्थितियां, यथा; सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक स्तर आदि को तकनीकी प्रगति के साथ उन्नत नहीं किया जाता है, प्रशासनिक नियंत्रण अधिक समय तक प्रभावी नहीं रहेगा। अत: दुर्घटना की रोकथाम उद्योग के लिए विशिष्ट भिन्न कारकों के उचित मूल्यांकन और सभी उक्त कारकों के महत्वपूर्ण संयोजन के लिए सुधारात्मक कार्रवाई पर निर्भर करती है। हालांकि, सुरक्षा के लिए निम्नलिखित निवारक उपाय महत्वपूर्ण हैं-

प्रथम स्तर

स्वभाव से हर व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में सुरक्षित रहने की कोशिश करता है। मानव ने प्रकृति के साथ सामंजस्य की प्रक्रिया और विकासपरक प्रक्रिया का पालन कर इसे हासिल किया। यह तथ्य है कि मानव मस्तिष्क के विकास के साथ स्थिति बदल गई है। मानव किसी घटना के संबंध में कुछ कारण-प्रभाव स्थापित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति गिरने से बचने के लिए काटे जाने वाले भाग को पार किए बिना एक बिंदु पर खड़े होकर पेड़ की शाखा को काटने के लिए पसंद करता है। यह कारण हो सकता है कि विक्रमादित्य वंश के कालिदास को उनके

असुरक्षित कृत्यों के लिए साथी देशवासियों ने आलोचना की थी। हालांकि जब समाज उन्नत हुए तो कई अन्य कारक चलन में आए, मानव ने पाया कि व्यक्तिगत प्रयास कार्य संबंधी सभी खतरों को हल करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस परिसीमा को हल करने के लिए रोकथाम के दूसरे स्तर को महत्व मिला।

दूसरा स्तर

जब कार्यस्थल पर बहुत सारे मजदूर होते हैं या एक स्थान पर एक से अधिक कार्य किए जा रहे हों तो जोखिम बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की रोकथाम के लिए प्रशासनिक नियंत्रण सतर्क रहता है। इसलिए किसी विशेष निर्माण गतिविधि से संबंधित सामान्य घटनाओं का पता लगाया जा सकता है, विश्लेषण किया जा सकता है और उनके निवारण के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकते हैं। यह जानकारी मजदूरों के ध्यान में भी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, मचानों को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए लाइफ लाइन सहित सुरक्षा बेल्ट को उंचाई पर काम करने वाले मजदूरों के लिए उंचाई से गिरने के खतरो को खत्म करने हेतु अनिवार्य किया जा सकता है (चित्र: 1 एवं 2)। इस प्रकार, मानव को सुरक्षा संबधी दिशा-निर्देशों के अभ्यास (पी) के लिए सामूहिक ज्ञान (के) को साझा करने और दृष्टिकोण (ए) बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। यह अगले क्रम में, रोकथाम के व्यक्तिगत स्तर को पुन: सुधारता है, जैसे, सुरक्षा के लिए जागरूक मजदूर कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) की मांग करता है। औद्योगिक क्रांति के दौरान और उसके पश्चात् प्रशासनिक नियंत्रण प्रचलन में आया है, जब उत्पादन का पैमाना कई दुर्घटनाओं एवं जान की हानि और विभिन्न सुरक्षा मुद्दों के संबंध में नियोक्ता और कार्मिकों के बीच अधिक विवाद के साथ कई गुणा बढ़ गया है। इसे कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य स्थिति और काम करते समय चोट लगने के लिए उचित मुआवजे की मांग के लिए मजदूरों के आंदोलन का आरंभ माना जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप भारतीय कारखाना अधिनियम (1948), व्यवसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रशासन (1970) आदि जैसे विभिन्न सुरक्षा अधिनियम हैं। ये अधिनियम, वास्तव में, सुरक्षा पर्यवेक्षक को नियुक्त करने, श्रमिकों को शिक्षित करने के लिए सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन करने और कार्यस्थल का सुधार, दुर्घटनाओं को कम करने के लिए समस्याओं पर नजर रखने हेतु रिकॉर्डिंग करने के लिए कंपनी को बाध्य करते हैं। संभवत: कंपनी के प्रबंधकों को यह एससास होने के बाद कि सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल आमतौर पर अधिक उत्पादक कार्यस्थल होता है क्योंकि अधिक दुर्घटना के कारण सर्वदा इसका परिणाम अधिक क्षतिपूर्ति का भुगतान, अधिक सर्जिकल और चिकित्सा व्यय, समय के नुकसान पर अधिक लागत होता है।

तीसरा स्तर

मानव शक्ति का स्रोत समाज ही है; इसलिए, यदि सामाजिक संरचना में समानता और बंधुत्व का विकास होता है, तो कार्यस्थल पर सुरक्षा प्राप्त की जा सकती है। यदि किसी व्यक्ति की समाजिक-आर्थक स्थितियों में सुधार नहीं किया जाता है, जो स्वस्थ मानसिक स्थिति और स्वस्थ शरीर के मजदूर मिलने की संभावना में वृद्धि होगी। उदाहरणार्थ, यदि एक गरीब परिवार के अशिक्षित और शारीरिक रूप से कमजोर मजदूर को सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया जाता है, जो वह इसका पालन करने में असफल हो सकता है। पीपीई का उपयोग करने के लिए वह असहज

या अनिच्छुक हो सकता है, भले ही वह उसे नि:शुल्क दिया गया हो।

विचार-विमर्श

सुरक्षा संस्कृति का स्तर दो कारकों पर निर्भर करता है, अर्थात व्यक्ति की अपेक्षा को पूरा करने के लिए संरक्षा और निष्पादन के संबंध में व्यक्ति की अपेक्षा। यदि दो कारकों के बीच अंतर बढ़ता है तो सुरक्षा मानक गिर जाता है। चूंकि किसी भी औद्योगिक गतिविधि का लाभ कंपनी के मालिक को जाता है, इसलिए सुरक्षित कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए प्राथमिक दायित्व उसके साथ निहित होता है। लेकिन, वास्तव में, यह बहुत सारे कर्ताओं यथा; उद्योगपति की सद्भावना, अनुपालन की आवश्यकता और मौजूदा बाजार की स्थिति आदि पर निर्भर करता है। प्रमुख ठेकेदार उप-अनुबंध करके लाभ प्राप्त करता है और उप-ठेकेदार या तो सुरक्षा के लिए भुगतान में कमी करके अथवा अकुशल या अर्द्ध-कुशल मजदूरों को काम पर लगाकर अधिकतम लाभ प्राप्त करता है। यह भी देखा गया है कि जहां असंगठित मजदूर काम करते हैं, वहां कार्य क्षेत्र के आयाम में तेजी से बदलाव के कारण सुरक्षा प्रशासन की लगातार कमी होती है। इसलिए, ऐसी स्थिति में सुरक्षा अनुवर्ती प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए अधिक सुरक्षा कर्मियों और निरंतर अनुसरण करने की आवश्यकता होती है।

निष्कर्ष

संक्षेप में, एक उद्योगपति के लिए मुख्य प्रेरक शक्ति उसका लाभ है और निर्माण के लिए श्रम और बुनियादी ढ़ांचे के खर्च को कम करके प्राप्त किया जाता है। अत: सुरक्षा पहलुओं पर खर्च उद्योगपति की अनुपालन आवश्यकता, संपन्नता और सद्भावना से बहुत प्रभावित होता है। इसलिए, इसे सुरक्षित कार्यशील वातावरण प्रदान करने और सुरक्षा प्रथाओं को लागू करने के लिए दोनों; उद्योगपतियों के साथ-साथ नियामक निकायों से एक प्रबुद्ध हित की आवश्यकता है। यह इस तथ्य के कारण है कि भले ही उद्योग को समाज से मानव शक्ति मिलती है, इसके विपरीत समाज का औद्योगिक सुरक्षा अनुवर्ती प्रक्रियाओं के कामकाज पर कोई सीधा असर नहीं है। अंत में, कोई यह कह सकता है कि सुरक्षा संस्कृति किसी समाज का दृष्टिकोण है और यह बताता है कि समाज के साथ किसी व्यक्ति का उत्पादन संबंध कितना स्वस्थ है । ❑

(अनुवाद: श्री प्रफुल्ल साव)

(पृष्ठ 2 के बाद)

क्लिनिक, चार क्वारंटीन सेन्टर, एक कोविड केयर सेन्टर और एक पोस्ट-कोविड क्लिनिक स्थापित किए गए। कल्पाक्कम में आरटी पीसीआर परीक्षण के लिए सैम्पल कलेक्शन बूथ शुरु किया गया । संविदा कामगारों के लिए चिकित्सा शिविर लगाए गए और निवारक दवाईयां दी गईं। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान अभियांत्रिकी सेवा समूह और चिकित्सा समूह की सेवाओं के सम्मान में उनका "कोविड योद्धा" के रूप में अभिनंदन किया गया।

स्वच्छता पहल

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छ रैली, प्रश्नोत्तरी और वार्ताएं आयोजित की गईं। ❑

सिविल निर्माण में प्रभावशाली समय-प्रबंधन हेतु छः हैक्स

बी. सगायराज*

आधारिक संरचना देश की रीढ़ के रूप में माना जाता है। इसे अक्सर उत्तर में ताजमहल से दक्षिण में तंजौर मंदिर तक किसी संस्कृति, विश्वास, अर्थ-व्यवस्था, जीवन-शैली आदि का प्रतिनिधित्व करने के लिए चित्रित किया जाता है। भारत अपने अद्भुत आधारिक संरचना के लिए विख्यात है। इनमें से कोई भी कुशल निर्माण के बिना संभव नहीं था।

निर्माण गतिविधि कुशल बनती है जब निर्माण के उद्देश्य को पूरा किया जाता है। अक्सर निर्माण के क्षेत्र में, दक्षता सबसे बड़ी चुनौती है । असावधानी से की गई निर्माण गतिविधियां अपनी सच्चाई को या तो निर्माण के बीच में या प्राकृतिक आपदाओं के समय दिखाती हैं। इस प्रकार, इस सबसे बड़ी चुनौती का समाधान "समय प्रबंधन" पर अंतर्दृष्टि प्राप्त करना है। अतः प्रत्येक सिविल इंजीनियर का यह कर्तव्य है कि वह कार्य को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए समय का सही प्रबंधन करने के लिए जागरूक हो ।

समय प्रबंधन

विशिष्ट गतिविधियों के बीच समय को व्यवस्थित करने, योजना बनाने और विभाजित करने की कला को समय प्रबंधन के रूप में जाना जाता है। दूसरे शब्दों में, समय की कमी और दबावों के बीच भी हम कम समय में ज्यादा काम कर पाते हैं। कुशल समय प्रबंधन के लिए छः हैक्स नीचे दिए गए हैं-

1) समय पर वैधानिक मंजूरी प्राप्त किया जाना

यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी परियोजना के आरंभ होने से पहले, अर्थात उस विशेष परियोजना के लिए कार्यादेश जारी होने से पहले, सभी प्रकार की वैधानिक मंजूरी जैसे पर्यावरण, अग्निशमन, विमानन एवं डीटीसीपी के अनुमोदन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित प्राधिकारियों से प्राप्त किए जाने चाहिए। एक बार कार्यादेश मिल जाने के बाद, बिल्डर/फर्म को काम शुरू करने में कोई संदिग्धता नहीं ढूढनी चाहिए। अन्यथा, यह परियोजना के प्रारंभिक चरण में मील के पत्थरों को प्राप्त करने में विलंब हो सकता है।

2) समय अनुसूची

समय प्रबंधन का सबसे महत्वपूर्ण भाग कार्य का समय निर्धारण है। काम सौंपे जाने के तुरंत बाद संबंधित ठेकेदारों के साथ सावधानीपूर्वक अनुमान लगाया जाना चाहिए। एक बार कार्य निर्धारित होने के बाद, इसकी नियमित रूप से निगरानी की जानी चाहिए।

---

* *श्री बी. सगायराज* सी. एंड एम. एस., एटीएस (सिविल) में वैज्ञानिक अधिकारी हैं ।

समय निर्धारण को दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता हे यानि मैक्रो लेवल शेड्युल और माइक्रो लेवल शेड्युल।

i) मैक्रो लेवल अनुसूची

यह परियोजना अधिकारियों को महीने में एक बार अनुसूची की निगरानी अथवा तैयार किए गए समग्र समय अनुसूची में उल्लिखित प्रत्येक मील के पत्थर के लिए निर्धारित समय सीमा के आधार पर निगरानी करने में मदद करेगा। इसके अलावा, परियोजना अधिकारी सीधे कार्यस्थल पर आने के बजाए अपने मुख्यालय से प्रगति की समीक्षा करके परियोजना की गति और स्थिति का आकलन कर सकते हैं।

ii) माइक्रो लेवल अनुसूची

यहाँ लाइन के मध्य/नीचे के परियोजना अधिकारी अपनी दैनिक आवश्यकताओं (यानि प्रत्येक दिन परिनियोजित आदमियों एवं सामग्रियों की मात्रा और गुणवता) के आधार पर दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों जैसे-कार्यक्रमों का सूक्ष्म स्तर पर विस्तार से आसानीपूर्वक आकलन और निगरानी कर सकते हैं ताकि चार्ट में उल्लिखित गतिविधियों में दिखाए गए शेष कार्य के मामले में उसे तुरंत संबोधित किया जाता है तथा संबंधित अधिकारियों/डीलरों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है एवं प्रगति को फिर से तेज करने के प्रयास किए जाते हैं और विलंब, यदि कोई हो, से बचा जा सकता है। यहाँ यह उल्लेख करना उचित है कि किसी परियोजना को समय पर पूरा करने की सफलता मुख्य रूप से इस सूक्ष्म स्तर के कार्यक्रमों पर निर्भर करती है।

3) प्राथमिकता के आधार पर संसाधन

परियोजना को गति देने के लिए आवश्यक संसाधन जनशक्ति और सामग्री हैं। इसमें मशीनरी, वाहन, उपकरण, कुशल/अकुशल श्रमिक, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रशासक, आदि की व्यवस्था करना शामिल है।

i) सामग्री

ठेकेदारों सहित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों से संबंधित आई.एस/बीआईएस विनिर्देशों एवं इसके मानदंडों का अद्यतन ज्ञान होना चाहिए। सभी आवश्यक सामग्री जैसे ईंट, सीमेंट, धातु, रेत, स्टील, टाइल्स, लकड़ी के सामान, एल्युमिनियम सेक्शन, पीवीसी पाइप इत्यादि को कार्य की प्रगति के दौरान किसी भी तरह की कमी से बचने के लिए पहले से ही खरीद ली जानी चाहिए। इससे अधिकतम संभव सीमा तक इन सामग्रियों की उपलब्धता में विलंब की वजह से समय और वित्तीय संकट से बचने में मदद मिलती है।

ii) श्रम बल:

श्रम बल किसी भी परियोजना का हृदय है। इस प्रकार, यह आवश्यक है कि उन्हें शुरु की जाने वाली दैनिक गतिविधियों, पालन की जाने

वाली संरक्षा प्रक्रियाओं आदि के बारे में पर्याप्त जानकारी हो। इसके अलावा, उन्हें उचित सुरक्षा प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए ताकि कार्यस्थल पर दुर्घटनामुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाया जा सके। अधिक समय बचाने के लिए रेस्ट रूम, कैंटीन, शौचालय आदि जैसी सुविधाएं कार्यस्थल पर ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्षमता में वृद्धि हो सके। मजदूरों के साथ कोई भी दुर्घटना की स्थिति में आवश्यक दवाओं के साथ प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स हमेशा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। प्रारंभिक स्तर में ही अग्नि दुर्घटनाओं को रोक्ने के लिए अग्निशामक जैसे सुरक्षा उपकरण भी कार्यस्थल पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए और ऐसे उपकरणों के उपयोग किए जाने के लिए उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इन सबसे ऊपर, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि श्रमिकों को सही समय पर सही भुगतान किया जाए क्योंकि वे अपनी आजीविका के लिए केवल इस वित्तीय स्रोत पर निर्भर होते हैं।

iii) तकनीकी विशेषज्ञ:

अनुभव और पर्याप्त क्षेत्र ज्ञान रखने वाले प्रबंधक / इंजीनियर / पर्यवेक्षक को कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार की चुनौती को संभालने के लिए प्रतिनियुक्त किया जाना चाहिए और यह देखना बहुत महत्वपूर्ण है कि ये विशेषज्ञ परियोजना के शुरुआती चरण से लेकर पूर्ण होने के चरण तक उपलब्ध रहें। परियोजना के बीच में इन विशेषज्ञों का बार-बार बदला जाना कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है और अग्रांत में भ्रम पैदा कर सकता है कि गतिविधियों को कैसे आगे बढ़ाया जाए। इंजीनियरों / पर्यवेक्षकों की नियुक्ति पर ध्यान दिया जाना चाहिए जो कार्य की प्रकृति को समझने में मदद करने के लिए मजदूरों की भाषा में बात कर सकते हों।

4) आवधिक समीक्षा

यह अनिवार्य है कि परियोजना अधिकारी समय-समय पर, अधिमानत: हर सप्ताह ठेकेदारों द्वारा किए गए मील के पत्थरों के आधार पर की गई प्रगति के बारे में चर्चा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को बुलाकर बैठकें आयोजित करते हैं। बैठक के दौरान, पिछली बैठकों के कार्यवृत्तों की समीक्षा की जाती है कि परियोजना सही दिशा में आगे बढ़ रही है या नहीं। प्रगति में किसी भी बैकलॉग (पिछला शेष कार्य) के मामले में, उसे तुरंत ठीक किया जा सकता है ताकि अनुबंध समझौते के अनुसार अगले मील के पत्थर पर जाने से पहले मील के पत्थरों को प्राप्त करने में कोई भी त्रुटि को समायोजित किया जा सके। यदि आवश्यक हो, समय-सारणी में पाए गए अनावश्यक कार्यों को हटाया जा सकता है और समय-समय पर समग्र कार्यक्रम को फिर से संशोधित किया जा सकता है।

5) असतत् निर्णय

उच्च अधिकारियो द्वारा लिए गए असतत् / ठोस निर्णय हमेशा अगले स्तर के अधिकारियों को उसी समय सूचित किया जाना चाहिए और चल रहे कार्यों के साथ आगे बढ़ना

(पृष्ठ 21 देखें)

कोरोना वायरस रोग (कोविड़-19) एवं कोविड़ के पश्चात् सावधानियां

डॉ. पी. विनीता*

कोरोना विषाणु रोग विश्वभर में एक प्राणघातक व्याधि के रूप में सुर्खियां बटोरी है और इस महामारी ने सभी स्तरों पर जीवन शैली में परिवर्तन करते हुए दुनियां को अपनी चपेट में ले लिया है।

कोरोना वायरस नाम वायरस के पहले दो अक्षर का आदिवर्णिक शब्द और खोज का वर्ष है।

नामकरण

CO – CORONA
VI – VIRUS
D – DISEASE
19 – 2019

कोविड़-19 उन विषाणुओं से संबंधित है जो गंभीर तीव्र श्वसन सिंड्रोम (एसएआरएस) और मध्य पूर्वी श्वशन सिंड्रोम (एमईआरएस) का कारण बनता है। सामान्य सर्दी (229ई) भी कोरोना वायरस के कारण होता है।

रुप-रंग

वायरस की सतह पर कांटे जैसा मुकुट दिखता है, इसलिए इसका नाम कोरोना वायरस है।

* *डॉ. विनीता,* पऊवि अस्पताल कल्पाक्कम में चिकित्सा अधिकारी हैं |

फैलाव का तरीका

संक्रमण छोटी बूंद के संक्रमण से फैल सकता है-खांसना, छींकना, बात करना, छोटी बूंदों से संक्रमित सतहों को छूना।

सांख्यिकी

(11.01.2021 के अनुसार)

स्थान	मामले	मृत्यु
विश्व	9.0702906 करोड़	19 लाख
भारत	1.0467431 करोड़	1.5 लाख
तमिलनाडु	8.26 लाख	12,215
कल्पाक्कम	569	17

- मामले की मृत्यु दर 1.4 है
- 700 से कम संक्रमित मामलो की दैनिक गणना
- तमिलनाडु में न्यू यूके स्ट्रेन के संक्रमित मामलो की संख्या : 90

लक्षण

कोरोना वायरस रोग के सामान्य लक्षण इस प्रकार हैं-

- बुखार, ठंड लगना
- खांसी, छींक
- गंध, स्वाद का चला जाना
- सांस लेने में कठिनाई
- दस्त, उल्टी होना
- थकान, मांसपेशियों का दर्द
- लाल आंख, सरदर्द

सह-रुग्नता जो कोविड़ संक्रमण और जटिलताओं की गंभीरता में योगदान कर सकती है

कोरोना वायरस रोग कुछ लोगों को अधिक गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। कोविड़-19 संक्रमण वाले मरीज में निम्नलिखित स्थितियां अधिक गंभीर जटिलताएं पैदा कर सकती हैं ।

- दिल की बीमारी
- कैंसर
- Immunodeficiency states
- मोटापा
- धूम्रपान
- दमा
- टाइप 2 मधुमेह मेलिटस (Type 2 Diabetes Mellitus)
- दीर्घकालिक किडनी (वृक्क) रोग
- गर्भावस्था

केस प्रोफाइल

लक्षण परिलक्षित होने में औसतन 1-4 दिन लगते हैं। रोग संचरण 2 सप्ताह से 1 महीने तक किसी भी समय हो सकता है। सामान्यत: जटिलताएं 4 से 5 दिनों के बाद होती हैं और ठीक होने के बाद भी महीनों तक रहती है।

क्रियाशीलता की रीति

वायरस में एस प्रोटीन विभिन्न अंगों, आमतौर पर फेफड़ों में एसीई 2 रिसेप्टर्स को जकड़ता/बांधता है। रिसेप्टर्स की संख्या में कमी होने के कारण बच्चों में संक्रमण की दर एवं गंभीरता कम है।

क्या देखें/ध्यान दें

यह निर्धारित करने के लिए कि क्या कोई व्यक्ति कोविड़-19 संक्रमण से पीड़ित है, निम्न मापदंडों की माप और निगरानी की जाती है।

- तापमान, नाड़ी, रक्तचाप
- श्वसन दर
- ऑक्सीजन संतृप्ति [Spo2 < 95 – महत्वपूर्ण]
- SPo2< 90 – अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता हो सकती है।

जटिलताएं

कोविड़-19 संक्रमण के परिणामस्वरूप मरीजों को निम्नलिखित में से सभी अथवा किसी भी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।

- फेफड़ों की चोट – निमोनिया Lung injury - Pneumonia
- स्राव/रिसाव [फेफड़ों में द्रव संग्रह]
- हृदय की मांसपेसियों का कमजोर होना
- जिगर, अग्न्याशय – जलन Liver, Pancreas- inflammation
- मस्तिष्क का आघात Brain - Stroke
- थक्का बनना Clot formation

कोविड़ के पश्चात् जटिलताएं

वे रोगी जो कोविड़-19 से पीड़ित हुए हैं, उनमें निम्नलिखित जटिलताएं हो सकती हैं।

लघु अवधि

- सांस फूलना
- मांसपेशियों का दर्द
- थकान
- चिंता

दीर्घावधि

- श्वसन –परिवर्तित पीएफटी [फेफड़े का कार्य परीक्षण]
- त्वचा-चकते, गंजापन [बालों का झड़ना]
- न्यूरोलॉजिकल – ओल्फॅक्ट्री एंड गस्टेटरी [गंध एवं स्वाद का पता न चलना]
- परिवर्तित अनुभूति
- स्मरणशक्ति की समस्या
- मनोरोग – अवसाद, चिंता, मनोदशा में परिवर्तन
- सीवीएस – मायोकार्डियल सूजन और वेंट्रीकुलर का निष्क्रिय होना
- फफूंदीय संक्रमण
- सुपर एडेड इंफेक्शन

यह अत्यावश्यक है कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा कोविड़-19 संक्रमण को रोकने के लिए नीचे दर्शाए अनुसार उचित निवारक उपाय किए जाने चाहिए। आम जन को भी मास्क पहनने एवं सामाजिक दूरी और श्वसन स्वच्छता का पालन करने की सलाह दी जाती है।

- मैकेनिकल – मास्क / फेस शील्ड
- हाथ धोना
- चेहरा छूने से बचें
- स्वच्छता
- स्वास्थ्यकर्मी – पीपीई/फेस शील्ड/ दस्ताने/ टोपी

कोविड़ के पश्चात् सावधानियां और घर पर सुरक्षित व्यवहार

कोविड़ के पश्चात् मरीजों का पोस्ट कोविड क्लिनिक में नियमित रूप से अनुसरण किया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे संक्रमण और इसकी जटिलताओं से ठीक हो गए हैं। उन्हें नीचे दर्शाए गए सुझावों का पालन करना चाहिए।

- जलयोजन – गर्म पानी और घर पर बने तरल पदार्थों की प्रचुर मात्रा
- इम्यून बूस्टर
- आराम – नियमित गतिविधियों में धीमी वापसी परम आवश्यक
- योग /ध्यान
- पोस्ट कोविड क्लिनिक में जाना अनिवार्य है।
- हल्के लक्षणों को भी नजरअंदाज न करें।
- पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं के लिए नियमित जांच
- नियमित दवाईयां अनिवार्यत: जारी रखें

विद्यालय

संक्रमण समूहों के प्रकट होने के लिए विद्यालय एक संभावित क्षेत्र है । अत: विद्यालयों को फिर से खोलने का काम नीचे दी गई सावधानियों के साथ किया जाना चाहिए ।

- अलग-अलग समय-सारणी
- एक डेस्क – एक छात्र
- डेस्क के बीच विभाजन (पार्टिशन)
- हॉल/ऑडिटोरियम जैसे बड़े क्षेत्रों को फिर से तैयार करना
- विभाजित/खंडित समय-सारणी
- वास्तविक समय/आभासी सीखने के बीच विकल्प
- सामाजिक दूरी |

परिवहन

- प्राथमिक सेक्शन – माता-पिता द्वारा पिकअप एवं ड्रॉप
- बसों/ट्रिपों की बढ़ी हुई संख्या – प्रति सीट एक छात्र
- ड्राइवरों की नियमित जॉच
- बसों की स्वच्छता (सैनिटाइजेशन)

स्वच्छता और रोग नियंत्रण के उपाय

- हैंड वाश, सैनिटाइजर डिस्पेंसर
- परिसरों की स्वच्छता
- अपशिष्ट का सुरक्षित निपटान
- कर्मचारियों की नियमित जॉच
- अनिवार्य रूप से मास्क लगाना
- विद्यालय के प्रवेश द्वार पर स्क्रीनिंग – शरीर का तापमान

कोविड वैक्सिन की स्थिति– भारत

एनईजीवीएसी - [कोविड के लिए वैक्सिन प्रशासन की राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (7 अगस्त 2020 को स्थापित)। एनईजीवीएसी भारत में कोविड के विरुद्ध टीकाकरण अभियान को अंजाम देने के लिए गठित विशषज्ञों का राष्ट्रीय निकाय है। आठ वैक्सिन तैयार किए जा रहे हैं जिनमें से दो वैक्सिन कोविशील्ड और कोवाक्सिन उपयोग के लिए तैयार हैं। अनुसंशित खुराक 28 दिनों के अंतराल पर दो खुराक है और ब्रांड विनिमेय नहीं है। दोनों वैक्सिनों को 2-8 डिग्री सेंटीग्रेड पर संग्रहित किया जा सकता है। वर्तमान में, केवल भारत सरकार ही वैक्सिन प्राप्त एवं वितरण कर रही है।

भारत में प्रस्तावित वैक्सिन कार्यक्रम

टीकाकरण के आरंभिक चरण में लगभग 30 करोड़ आबादी का लक्ष्य है जिसमें स्वास्थ्यकर्मी, फ्रंट लाइन कार्यकर्ता और दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रसित आम जनता को प्राथमिकता दी जाएगी।

कोविड महामारी के दौरान चिकित्सा सेवा समूह की भूमिका

चिकित्सा सेवा समूह ने कल्पाक्कम डीएई टाउनशिप एवं अणुपुरम डीएई टाउनशिप में अगले पृष्ठों में उल्लिखित अनुसार कोविड-19 मामलों की रोकथाम, नियंत्रण, उपचार एवं अनवर्ती उपचार के लिए समर्पित एवं प्रोटोकॉल आधारित सेवा प्रदान की है।

उपरोक्त सभी गतिविधियां निदेशक (इंगांपअकें/सासेसं), निदेशक (एमजी), सह निदेशक (एमजी) एवं विभिन्न इकाईयों के प्रधान के मार्गदर्शन में की गई। यह कार्य जीएसओ की अन्य इकाईयों और इकाई संयोजकों एवं स्वयंसेवकों के साथ-साथ प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत कार्मिकों के सहयोग से निष्पादित किया गया। ❑

(अनुवाद: श्री प्रफुल्ल साव)

COVID MANAGEMENT AT DAE HOSPITAL KALPAKKAM AND ANUPURAM

COVID CONTAINMENT STRATEGIES:

1. Identification of high risk clusters and fever screening camps – CISF / Contract Workers / Civil Contractors
2. Sanitization of crowded areas
3. Opening of 4 Facility quarantine centres for primary contacts
4. COVID Care Centre
5. Distribution of immunity boosting medicines as per Government guidelines
6. Hospital Sanitisation as per guidelines

Covid Care Centre (CCC)

Sanitisation

COVID MANAGEMENT AT DAE HOSPITAL KALPAKKAM AND ANUPURAM



COVID MANAGEMENT AT DAE HOSPITAL KALPAKKAM AND ANUPURAM

COVID MANAGEMENT STRATEGIES:



COVID MANAGEMENT AT DAE HOSPITAL KALPAKKAM AND ANUPURAM

Triage

Fever clinic

Testing Facility

Screening Camp

कोविड-19 महामारी के समय में योग अभ्यास का महत्व

के. वि. भाग्यलक्ष्मी*

योग - अभ्यास का एक प्राचीन रूप है जो भारतीय समाज में हजारों साल पहले विकसित हुआ था। कई सदियों से भारत में ऋषि, मुनिवर एवं साधारण लोग भी योग अभ्यास कर रहे हैं। योग बिना किसी अन्य चीज़ों का प्रयोग करते हुए हमारे शरीर को स्वस्थ रखने का एक साधन है। योग में किसी व्यक्ति को सेहतमंद रहने के लिए और विभिन्न प्रकार के रोगों और अक्षमताओं से छुटकारा पाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्यायाम शामिल हैं। यह ध्यान लगाने के लिए एक मजबूत विधि के रूप में भी माना जाता है जो मन और शरीर को आराम देने में मदद करता है। अब दुनियाभर में योग का अभ्यास किया जा रहा है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक विश्व के लगभग 2 अरब लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं।

कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की जीवन-शैली काफी बदल चुकी है। कोविड-19 से संक्रमित होने का डर, भविष्य के बारे में अनिश्चितता, आर्थिक असुरक्षा, नौकरी छूटना, काम करने की आदतों में बदलाव, सामाजिक दूरी आदि से लोगों के मानसिक सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ा है। इन दिनों लोगों में तनाव (Stress), चिंता (Anxiety) और अवसाद (Depression) जैसी मानसिक समस्याओं का स्तर काफी बढ़ गया है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि जो लोग कोविड-19 का इलाज करा चुके हैं, उन्हें मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या जैसे पोस्ट-ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (PTSD) होने की संभावना अधिक होती है। इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए योग का अभ्यास मददगार साबित होगा।

कोविड-19 महामारी

